वे पहले से ज्यादा निडर, कॉन्फिडेंट और मैच्योर होकर लौटे हैं। दुर्घटना के बाद उन्होंने अपनी फिटनेस और मेहनत से टीम में अपनी जगह बनाई और अब वह इंडिया टीम में आने के लिए तैयार दिखाई दे रहे हैं। - खलील अहमद

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी, ऋषभ पंत के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

मयंक यादव

लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव अपने डेब्यू में पेस के कारण चर्चा में आए। पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले मैच में 155.6 किलोमीटर प्रति घंटा सीजन की सबसे फास्ट बॉल थी, जिसे उन्होंने ही दूसरे मुकाबले में के खिलाफ 156.7 की स्पीड के साथ तोड़ दिया। मयंक यादव ने यूट्यूब पर सेकंड इनिंग्स विथ मंजोत के एक एपिसोड में अपनी तेज गेंदबाजी और फिटनेस का राज बताया। यादव ने कहा, इंडियन फास्ट बॉलर्स की बिल्ड बड़ी नहीं होती, जबकि विदेशी बॉलर्स की बिल्ड बेहतर होती है और इस कारण उनका पेस आता है।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सर्वाधिक रन देने वाले गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीटवुड स्मिथ है, जिसने 1938 में इंग्लैंड के खिलाफ 87 ओवर में 298 रन देकर मात्र एक विकेट लिया।

चोटिल रोजमेरी मायर इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से हुई बाहर

हैमिल्टन, 4 अप्रेल। न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज रोजमेरी मायर पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड को टीम में बुलाया गया है। मायर ने इससे पहले हुई टी-20 सीरीज के सभी पांच खेले थे और 7.56 की इकोनॉमी से चार विकेट लिए थे। पहले एकदिवसीय मुकाबले से पहले अभ्यास के दौरान उन्हें पीठ में दर्द महसूस हुआ और इसके बाद वह मैच नहीं खेल सकीं थी। वह दूसरे एकदिवसीय के लिए टीम के साथ हैमिल्टन गईं। लेकिन वह बुधवार को अभ्यास नहीं कर पाई। उसके बाद यह फैसला लिया गया। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी रोजमेरी के नहीं खेल पाने से निराश हैं वह इंग्लैंड के खिलाफ पूरी श्रृंखला में टीम की प्रमुख सदस्य रही थी। उन्होंने कहा कि बंगलादेश में होने वाले टी-20 विश्वकप से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के दौरे को लेकर हम सतर्क रहना चाहते हैं और रोजमेरी को ठीक होने के लिए पर्याप्त समय देना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड आईसीसी महिला चैंपियनशिप के तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

भारतीय फुटबॉल टीम चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर पहुंची

नयी दिल्ली, 4 अप्रेल। भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2.1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी और चार टीमों के ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रही। गत विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है। ब्राजील पांचवें स्थान पर है।

अनमोल खरब समेत पांच भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टरफाइनल में

अस्ताना, 4 अप्रेल। युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब समेत पांच भारतीय खिलाड़ी कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। अनमोल के अलावा देविका सिहाब, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई। गत राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल ने यूएई की नूरानी रातु अजाहरा को दूसरे दौर में 21.11, 21.7 से हराया। अब उनका सामना जापान की सोरानो योशिकावा से होगा। वहीं इस साल चार फाइनल में पहुंचकर दो अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिजाब जीतने वाली सिहाग ने अजरबैजान की केइशा फातिमा अजाहरा को 21.12, 21.12 से शिकस्त दी। अब उनका सामना हमवतन अनुपमा से होगा जिसने चेक गणराज्य की टेरेजा एस को हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या ने इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा को 21.11, 21.18 से मात दी। अब वह हमवतन ईशारानी से खेलेंगी जिसने न्यूजीलैंड की टिफानी हो को 21.10, 20.14 से हराया। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विजा गाडे, अभ्युदय चौधरी और वैष्णवी खाडकेकर, संजय श्रीवत्स और मनीषा के और अलीशा खान और झाकुओ सेयी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को 77 रनों से हराया

मीरपुर, 4 अप्रेल। कप्तान अलिसा हीली 45 रन और तालिया मैक्ग्रा के नाबाद 43 रनों की शानदार पारियों और उसके बाद कातिलाना गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में बंगलादेश को 77 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली है। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम के खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने पिच पर टिक नहीं दिया। उसके लगातार विकेट गिरते गये। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के लिए सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। दिलारा अख्तर 10 रन और फाहिमा खातून 11 रन बनाने वालों में थी शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और पूरी टीम 18.1 ओवर में 78 रन पर सिमट गई और उसे 77 रनों से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने एकदिवसीय सीरीज में 3-0 से हराने के बाद टी-20 सीरीज में भी बंगलादेश का सफाया कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से टाएला व्लेमिंक ने तीन विकेट लिये। जॉर्जिया वेयरहम ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। मेगन शूट, एलिस पेरी, एश्ली गार्डनर, सोफी मोलिन्यू और ऐनाबेल सदरलैंड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान अलिसा हीली 29 गेंदों में 45 रन और तालिया मैक्ग्रा के 29 गेंदों पर नाबाद 43 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 155 रन का स्कोर खड़ा किया था। बेथ मूनी 10 रन, एश्ली गार्डनर 16 रन, एलिस पेरी आठ रन, जॉर्जिया वेयरहम चार रन और ग्रेस हैरिस ने 19 रनों का योगदान दिया। बंगलादेश की ओर से नाहिदा अख्तर ने तीन विकेट लिये।

शशांक की पहली फिफ्टी 29 गेंद पर नाबाद 61 रन बनाए रबाडा को 2 विकेट

पंजाब ने गुजरात को 3 विकेट से हराया

अहमदाबाद, 4 अप्रेल। पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 17वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हराया। यह पंजाब की लगातार दो हार के बाद पहली जीत है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुरुवार को पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 199 रन बनाए।

जवाब में पंजाब ने 19.5 ओवर में 7 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। शशांक सिंह ने 29 बॉल पर नाबाद 61 रन की पारी खेली। उन्होंने में पहली फिफ्टी जमाई है। आशुतोष शर्मा ने 17 बॉल पर 31 रन बनाए। नूर अहमद को दो विकेट मिले। कप्तान शुभमन गिल ने 48 बॉल पर 89 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। साई सुदर्शन 33 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब से कगिसो रबाडा ने दो विकेट झटके। हरप्रीत ब्रार और हर्षल पटेल एक-एक विकेट मिला।

पहले बल्लेबाजी करते हुए शुभमन गिल नाबाद 89 रनों की कप्तान पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने गुरुवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें मैच पंजाब किंग्स को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा 11 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद केन विलियमसन 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

साई सुदर्शन ने 19 गेंदों में छह चौकों की मदद से 33 रन बनाये। विजय शंकर आठ रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल ने 48 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं राहुल तेवतिया आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाकर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 199 रन का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिये। हरप्रीत बराड़ और हर्षल पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

ऋषभ पंत पर लगातार दूसरे मैच में जुर्माना लगा

स्लो ओवर रेट के लिए 24 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, 4 अप्रेल। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर लगातार दूसरे मैच में जुर्माना लगा है। उन्हें कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया। इसके लिए उन पर 24 लाख रुपए का फाइन लगाया गया। इंडियन प्रीमियर लीग ने यह जानकारी गुरुवार को दी। इससे पहले, चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हुए पिछले मैच में भी वे स्लो ओवर रेट के दोषी पाए गए थे। लेकिन सीजन की पहली गलती होने की वजह से 12 लाख का फाइन लगाया गया था। पंत के अलावा दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 जुर्माना लगा है। विशाखापट्टनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 272 रन बनाए। जवाबी पारी में दिल्ली की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ऑलआउट हो गई।

हॉकी उपकप्तान हार्दिक सिंह ने करियर को दिशा देने का श्रेय जुगराज सिंह को दिया

नई दिल्ली, 4 अप्रेल। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह को अगर अपने मामा और भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह से समय पर सलाह नहीं मिलती तो वह 2017 में ही नीदरलैंड चले जाते जब वह राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी।

जालंधर के खुसरोपुर गांव के रहने वाली मिडफील्डर हार्दिक ने कहा कि अगर उनके मामा जुगराज उन्हें एकाग्र रहने के लिए प्रेरित नहीं करते तो वह भारत के लिए खेलने का अपना सपना छोड़ने की कगार पर थे। हार्दिक ने 'पीटीआई' से विशेष बातचीत में कहा, "14 साल की उम्र में मोहाली हॉकी अकादमी से जुड़ने के बाद मैं सब-जूनियर स्तर से सीनियर स्तर तक अच्छी गति से आगे बढ़ा। लेकिन कुछ वर्षों के बाद, मैंने खुद को ऐसी स्थिति में पाया जहां मैंने आत्मविश्वास खो दिया था क्योंकि राष्ट्रीय शिविर के लिए नजरअंदाज किया जा रहा था।"

साथ ही उन्होंने कहा, "उस समय, 2017 में, मैंने क्लब हॉकी खेलने के लिए नीदरलैंड में स्थानांतरित होने के बारे में सोचा था। मैंने भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद छोड़ दी थी। अगर उन्होंने (जुगराज) उस समय मेरा मार्गदर्शन नहीं किया होता तो मैं यहां नहीं होता। जब आप अच्छा कर रहे होते हैं तो आपको अच्छे मार्गदर्शन की जरूरत होती है।" हार्दिक ने कहा, "उन्होंने मुझे देश में हॉकी को और अधिक देखने तथा अपने खेल में सुधार करने की सलाह दी। उस समय मैं 18-19 साल का था इसलिए मैंने सोचा कि स्वयं को कुछ और समय दिया जाए।"

उन्होंने कहा, "उन्होंने (जुगराज) मुझसे कहा कि उम्र आपके पक्ष में है। आपके पास खेल है, आप भारत में रहकर भी चमक सकते हैं। घरेलू टीमों के लिए खेलें और अपना कौशल दिखाएं ताकि लोग आपके बारे में जान सकें।" इस मिडफील्डर ने कहा, "अगर उनका मार्गदर्शन नहीं होता तो मैं आज यहां नहीं होता क्योंकि मेरे पास इतना धैर्य नहीं था।"

इंग्लैंड की महिला टीम ने एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 56 रन से हराया

हैमिल्टन, 4 अप्रैल। टैमी ब्यूमोंट की 81 रनों की शानदार पारी और उसके बाद नेट साइवर-ब्रंट की घातक गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने गुरुवार को आईसीसी महिला चैंपियनशिप के दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 56 रन से हराया दिया है।

253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम ने अपने शुरुआती चार विकेट 66रन के स्कोर पर गवां दिये थे। जॉर्जिया प्लिमर सात रन, सुजी बेट्स 28 रन, अमेलिया केर 14 रन और मैडी ग्रीन सात रन बनाकर आउट हुई। एक समय ऐसा लग रहा था कि न्यूजीलैड की टीम जल्द ही सिमट जायेगी। ऐसे संकट के समय में ब्रुक हॉलिडे और इसाबेला गाजे ने पारी को संभाला। दोनों के बीच बीच पांचवें विकेट लिये 100 रनों की साझेदारी हुई। इसाबेला गाजे 47 रन पर आउट हुई। वहीं ब्रुक हॉलिडे ने टीम के लिए सर्वाधिक 57 रनों की पारी खेली। हन्ना रोवे 16रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद न्यूजीलैंड की कोई भी बल्लेबाज पिच नहीं टिक सकी और पूरी टीम 45 ओवर में 196 रन ही बना सकी और उसे 56 रन से हार का सामना करना पड़ा।

इंग्लैंड की ओर से नेट साइवर-ब्रंट ने तीन विकेट लिये। केट क्रॉस, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। नवाजा गया है। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को 25- 25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किये गये। हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी पुरुष टीम के उप-कप्तान के रूप में टोक्यो ओलंपिक 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली दल और हांग्जो एशियाई टीम का हिस्सा थे।

वहीं सलीमा टेटे ने भी भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा बनकर 2023 हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान मेरे लिए यह एक बड़ी प्रेरणा होगी।

सलीमा ने गुरुवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, पुरस्कार ने मेरे अंदर और भी बेहतर प्रदर्शन करने की इच्छा पैदा की है। मेरी योजना प्रशिक्षण शिविर में एक मिनट भी न चूकने और हर सत्र में अपना शतप्रतिशत देने की है। मुझे पता है कि मैंने पुरस्कार जीता है, लेकिन यह भी है अब मेरे लिए यह जिम्मेदारी है कि मैं इस सम्मान पर खरा उतरूं और आगे भी बढ़ूं और सुधार करूं।

उल्लेखनीय है कि छठे वार्षिक हॉकी इंडिया पुरस्कार 2023 की घोषणा 31 मार्च को की गई। इस समारोह में सलीमा टेटे और हार्दिक सिंह को वर्ष 2023 की महिला और पुरुष खिलाड़ी के रूप में चुना गया था।

सुरजीत फाइव-ए-साइड महिला हॉकी गोल्ड कप आज से

जालंधर, 4 अप्रेल। सुरजीत 5एस (फाइव-ए-साइड) महिला हॉकी गोल्ड कप शुक्रवार से स्थानीय ओलंपियन सुरजीत फाइव-ए-साइड एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, बर्लटन पार्क में शुरू होगा। सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इकबाल सिंह संधू ने गुरुवार को बताया कि महिला हॉकी टूर्नामेंट लीग-कम-नॉकआउट के आधार पर खेला जायेगा, जिसमें देश की आठ टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि पूल-ए में पंजाब इलेवन, रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला, भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत और उत्तर रेलवे दिल्ली जबकि मध्य रेलवे मुंबई, सी.आर.पी.एफ. दिल्ली, हरियाणा इलेवन और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई की टीमों को पूल-बी में रखा गया है। संधू ने बताया कि इस फाइव-ए-साइड हॉकी टूर्नामेंट में 15-5-15 मिनट के कुल 16 मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल, तीसरे और चौथे स्थान के मैच और फाइनल मैच सात अप्रैल को खेले जाएंगे। ये मैच स्टेडियम में डे एंड फ्लड लाइट के तहत खेले जायेंगे और दर्शकों के लिये प्रवेश नि:शुल्क होगा। टीमों को 2.57 लाख का नकद पुरस्कार प्रसिद्ध खेल प्रमोटर और गाखल ग्रुप अमेरिका के अध्यक्ष अमोलक सिंह गाखल द्वारा प्रायोजित किया गया है, जो हर साल सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट की विजेता टीम को 5.51 लाख नकद पुरस्कार देते आ रहे हैं।

थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी पी.वी. सिंधु

नयी दिल्ली, 4 अप्रेल। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु पेरिस 2024 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी। उनकी जगह अनमोल खरब को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को चीन में के चेंगदू में 27 अप्रैल से होने वाले थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम की घोषणा करते हुए कहा है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इस साल के उबेर कप में हिस्सा नहीं लेंगी।

सिंधु ने पेरिस 2024 ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस साल के उबेर कप से हटने का फैसला किया है। शीर्ष भारतीय युगल टीमों तनीषा क्रैस्टो, अश्विनी पोनप्पा, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने भी इसी तरह के कारणों का हवाला देते हुए महिलाओं के लिए विश्व बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप - उबेर कप से हटने का फैसला किया है।

परिणामस्वरूप, चयनकर्ताओं ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शामिल करते हुए एक युवा टीम का चयन करने का निर्णय लिया है। महासंघ ने 2024 उबेर कप के लिए टीम में 17 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब शामिल हैं। खरब ने इस वर्ष की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अश्मिता चालिहा और तन्वी शर्मा भी टीम में हैं।

राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद, पूर्व भारतीय सितारे यू विमल कुमार, ज्वाला गुट्टा, मंजूषा कंवर, पार्थो गांगुली और मल्लिका बरुआ सरमा के राष्ट्रीय चयन पैनल ने इस बीच, भारत ने अपने थॉमस कप खिताब की रक्षा के लिए 10 सदस्यीय मजबूत पुरुष टीम की घोषणा की है। किरण जॉर्ज के साथ एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत की चौकड़ी में शामिल होने के साथ पांच एकल खिलाड़ियों को नामित किया गया है।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर 1 जोड़ी और एमआर अर्जुन-ध्रुव कपिला टीम में युगल खिलाड़ी होंगे, जबकि साई प्रतीक को बैकअप के रूप में नामित किया गया है।

सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार

नयी दिल्ली, 4 अप्रेल। भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पहले दो अप्रैल को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भी इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

भारत के कोच बने रहेंगे स्टिमैक

नई दिल्ली, 4 अप्रेल। फीफा विश्व कप क्वालिफायर में अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया की हार के बाद विवादों का सामना कर रहे कोच इगोर स्टिमैक इसी टूर्नामेंट में कुवैत और कतर के खिलाफ मुकाबले तक अपने पद पर बने रहेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने स्टिमैक से आगामी दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। इससे एक हफ्ते पहले भारतीय फुटबॉल के दिग्गज आई एम विजयन की अध्यक्षता वाली तकनीकी समिति ने 26 मार्च को गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू चरण के मैच में मिली करारी हार के बाद क्रोएशिया के स्टिमैक को बर्खास्त करने की सिफारिश की थी। अफगानिस्तान से मिली हार के बाद एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे द्वारा गठित और उपाध्यक्ष एन ए हारिस की अध्यक्षता वाली समिति ने मंगलवार को ऑनलाइन बैठक के दौरान स्टिमैक के साथ चर्चा की।

सूर्यकुमार मुंबई इंडियंस से जुड़ने के लिए तैयार

नई दिल्ली, 4 अप्रेल। मुंबई इंडियंस के बैटर सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में टीम के लिए खेलने के लिए तैयार हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने सूर्यकुमार यादव को फिट बताया है। अब वह 2024 के लिए 5 अप्रैल को मुंबई इंडियंस की टीम से जुड़ जाएंगे। हालांकि, मुंबई की तरफ से अब तक इसके बारे में कोई बयान नहीं आया है। फिटनेस प्रॉब्लम के कारण सूर्या शुरुआती तीन मैच नहीं खेल सके थे। सूर्या ने इसी साल जनवरी में जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी कराई थी। सूर्या ने दूसरी बार ग्रोइन इंजरी की सर्जरी कराई। इसके बाद वे बेंगलुरु स्थित में रिहैब से गुजर रहे थे। मुंबई अपना अगला मुकाबला 7 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वानखेड़े में खेलेगी। इस सीजन में मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

रोनाल्डो ने 72 घंटे में ली दूसरी हैट्रिक

अल नासेर ने अभा पर 8-0 से दर्ज की जीत

नई दिल्ली, 4 अप्रेल। पुर्तगाली स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में दूसरी हैट्रिक लगाकर अपने क्लब अल नासेर को सऊदी प्रो लीग में अभा पर 8-0 से बड़ी जीत दिलाई। पांच बार के बैलन डि ओर विजेता रोनाल्डो ने मुकाबले में तीन गोल किए और दो गोल करने में सहायता की। रोनाल्डो ने तीनों गोल पहले हाफ में दागे। नौ बार की सऊदी अरब चैंपियन अल नासेर के लिए इस सत्र में रोनाल्डो की यह तीसरी हैट्रिक है।

शनिवार को उन्होंने अल ताई पर 5-1 से मिली जीत में भी हैट्रिक लगाई थी। लीग के इस सत्र में उनके कुल 29 गोल हो गए हैं। वह लीग में इस वक्त शीर्ष गोल स्कोरर हैं। उनसे पीछे लीग में शीर्ष पर चल रहे अल हिलाल के अलेक्जेंडर मित्रोविच हैं। उन्होंने 22 गोल किए हैं, लेकिन चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं। अल नासेर अभी भी दूसरे स्थान पर है और अल हिलाल से 12 अंक पीछे है, जबकि आठ मैच लीग में अभी खेले जाने बाकी हैं। रोनाल्डो के पहले दो गोल फ्री किक पर आए। 11वें मिनट में उन्होंने जमीनी शॉट लगाकर गोल भेदा।

10 मिनट बाद उन्होंने खिलाड़ियों की दीवार के ऊपर से बाएं छोर से किक लगाकर गोल किया। उन्होंने फिर सादियो माने के गोल में मदद की। पहला हाफ खत्म होने से तीन मिनट पहले रोनाल्डो ने अपनी हैट्रिक पूरी की। हालांकि मध्यांतर के बाद वह मैदान पर नहीं उतरे।